Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जोधपुर में तहसील बालेसर के ग्राम बेलवा में राजस्व विभाग के पटवारी 02 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

जयपुर, 24 जून, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक शर्मा पटवारी, पटवार मंडल बेलवा तहसील बालेसर जिला जोधपुर को परिवादी से **2 हजार रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसने पटवार हल्का बेलवा स्थित ग्राम राजगढ़ की सरहद में जमीन खरीदी थी जिसका नामातंरण करने (म्यूटेशन भरने) हेतु पटवारी श्री दीपक शर्मा पटवारी, पटवार मंडल बेलवा तहसील बालेसर जिला जोधपुर द्वारा 02 हजार रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरविजन में एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर **पुलिस निरीक्षक श्री मनीष चौधरी** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक शर्मा पटवारी, पटवार मंडल बेलवा, तहसील बालेसर जिला जोधपुर को परिवादी से 02 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।